विज्ञप्ति

कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी
शासकीय गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी समिति, भोपाल

वेबसाईट: www. http://gmcbhopal.net फोन : 0755–4050000

क्रमांक 4734 / अधि0 / एन.एच.एम.(6) / 2022 भोपाल, दिनांक : 1-2-22

कोविड–19 महामारी ऑमिक्रॉन वेरियंट की रोकथाम हेतु गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में कार्यालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक / एन.एच.एम. / एच. आर / सेल–01 / 2022 / 216 भोपाल, दिनांक 10–01–2022 एवं आयुक्त चिकित्सा शिक्षा के पत्र क्रमांक की टीप पत्र क्रमांक 706 / दिनांक 24–12–2021 पत्रों के संदर्भ में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में अस्थाई अतिरिक्त मानव संसाधन को मासिक मानदेय पर दिनांक 01–01–2022 से 60 दिवस (02 माह) तक रखने की अनुमति प्रदान की है।
जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.	पदनाम	योग्यता	कुल पद	मासिक मानदेय प्रतिमाह
1.	लैब टेक्निशियन	पैथलॉजी का 02 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डीएमएलटी) अथवा पैथलॉजी का डिग्री पाठ्यक्रम (बीएमएलटी) अथवा पैथलॉजी का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एमएमएलटी) तथा म. प्र. सह चिकित्सीय परिषद में जीवित पंजीयन।	10	रू. 15000 / –
2.	ई.सी.जी. टेक्निशियन	ई.सी.जी टेक्निशियन का मान्यता प्राप्त संस्था से सर्टिफिकेट / डिप्लोमा तथा म.प्र. सह चिकित्सीय परिषद में जीवित पंजीयन।	02	रू. 15000 / –
3	आई .सी.यू. / वेंटीलेटर टेक्निशियन	आई.सी.यू. टेक्निशियन का मान्यता प्राप्त संस्था से सर्टिफिकेट / डिप्लोमा तथा म.प्र. सह चिकित्सीय परिषद में जीवित पंजीयन।	02	रू. 15000 / –
4	ऑक्सीजन टेक्निशियन	आई.टी.आई. (ऑक्सीजन टेक्नीशियन / मेकेनिकल / इलेक्ट्रीकल / इलेक्ट्रॉनिक) का मान्यता प्राप्त संस्था से सर्टिफिकेट / डिप्लोमा एवं ऑक्सीजन प्लांट अस्पताल में कार्य का अनुभव को प्राथमिकता।	10	रू. 15000 / –
5	ऑक्सीजन रूम अटेंडर	आई.टी.आई. (ऑक्सीजन टेक्नीशियन / मेकेनिकल / इलेक्ट्रीकल / इलेक्ट्रॉनिक) का मान्यता प्राप्त संस्था से सर्टिफिकेट / डिप्लोमा एवं ऑक्सीजन प्लांट अस्पताल में कार्य का अनुभव को प्राथमिकता।	05	कलेक्टर रेट
6	तकनीकी सहायक	आई.टी.आई. इलेक्ट्रीक्स एवं इलेक्ट्रानिक्स / ऑक्सीजन प्लांट अस्पताल में कार्य का अनुभव को प्राथमिकता।	02	रू. 10500 / –

पदों की भर्ती के लिये वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक 03–02–2022 को गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल के **गेस्ट हाउस** में प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 02:00 बजे तक आयोजित किये जाऐंगे।

इच्छुक उम्मीदवार **वॉक इन इन्टरव्यू में** अपने निर्धारित शौक्षणिक योग्यता, सक्षम अधिकारी का अनुभव प्रमाण पत्र एवं मूलनिवासी एवं जाति प्रमाण पत्र के मूलदस्तावेजो की एक स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ ले कर आये।

पूर्व में जमा समस्त आवेदन इस विज्ञप्ति के लिये के मान्य नही होगे। वॉक इन्टरव्यू से चयनित उम्मीदवार को तत्काल अधिष्ठाता कार्यालय तथा कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति देनी होगी।

दस्तावेजः अभ्यार्थी को, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी डिजिटल जातिप्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजो की स्वप्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार से दस्तावेज पूर्ण न होने की स्थिति में आपको पात्र नहीं माना जाऐगा।

कोविड–19 महामारी की रोकथाम करने हेतु अतिरिक्त मानव संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए आयु और वर्ग के मानक को शिथिल किया गया है। सभी 21 वर्ष से 60 वर्ष के आयु एवं वर्ग के पद अनुसार पात्र आवेदक ही आवेदन कर सकते है। नियुक्ति अस्थायी तथा अनुबंधित है। आवेदक को चयन के पश्चात् नियुक्ति के समय 500 रू के अनुबंध का व्यय स्वयं करना पड़ेगा। चयनित आवेदक नियुक्ति अवधि समांप्त होने के पश्चात संविदा या नियमित नौकरी के लियें पात्र नही माना जायेगा और न ही इसके लिये कोई दावा करेगा।

इस कार्यलय को बिना कारण बताये किसी भी समय यह विज्ञप्ति मे आंशिक रूप में परिवर्तन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है। अधिष्ठाता गांधी चिकित्सा महाविद्यलय, भोपाल का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। किसी भी विवाद की स्थिती में केवल न्यायालय भोपाल में परिषद हेतु मान्य रहेगा।

01/02/2022

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी समिति, भोपाल